न्यायालय प्रथम अपील प्राधिकारी जिला कलक्टर बाड़मेर

सूचना अधिकार अपील/122/2022

अपीलांट रमेश कुमार पुत्र मुकनचंद
निवासी गायत्री मंदिर के पास बालोतरा जिला बाड़मेर

बनाम

राज्य लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार पचपदरा

<u>आदेश</u>

दिनांक : 28.11.2022

अपीलार्थी रमेश कुमार पुत्र मुकनचंद निवासी गायत्री मंदिर के पास बालोतरा जिला बाड़मेर ने यह प्रथम अपील उत्तरदाता तहसीलदार पचपदरा के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 19(1) के अन्तर्गत इस कार्यालय में दिनांक 02.11.2022 को प्रस्तुत की गई है। अपीलार्थी द्वारा अधीनस्थ राज्य लोक सूचना अधिकारी के समक्ष प्रार्थना–पत्र व्यक्तिशः उपस्थित होकर/पंजीबद्ध डाक/ऑनलाईन द्वारा प्रस्तुत कर उनके कार्यालय से सम्बन्धित सूचना चाही गई। राज्य लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर वांछित सम्पूर्ण सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है, फलस्वरूप यह प्रथम अपील प्रस्तुत की गई है। अपील के संलग्न राज्य लोक सूचना अधिकारी को प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र की 913568 प्रति दिनांक 13.09.2022 की प्रति संलग्न की गई है।

अपीलार्थी की अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर रेस्पोडेंट राज्य लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार पचपदरा को जरिये नोटिस मय अपील की प्रति भिजवाते हुए टिप्पणी रिपोर्ट चाही गई। रेस्पोडेंट द्वारा निर्धारित सुनवाई तिथि को टिप्पणी प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना कार्यालय रेकर्ड के अवलोकन उपरांत उपलब्ध होना नहीं पाया गया हैं, प्रार्थी स्वंय उपस्थित होकर रेकर्ड का निरीक्षण कर वांछित सूचना चिन्हित कर प्राप्त कर सकता हैं लिहाजा अपील दाखिल दफ्तर फरमाई जावे।

हमने अपीलार्थी की अपील, रेस्पोडेंट की ओर से प्रस्तुत जवाब एवं राज्य लोक सूचना अधिकारी द्वारा जारी पत्राचार का अवलोकन किया। अधीनस्थ राज्य लोक सूचना अधिकारी के जवाब एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र के अवलोकन से पाया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना कार्यालय रेकर्ड निरीक्षण कर चिन्हित करते हुए प्राप्त कर सकता हैं। अतः रेस्पोडेंट के जवाब का अपील मीमो के परिप्रेक्ष्य में अवलोकन एवं विवेचन उपरांत अपीलार्थी की यह अपील सारहीन होने से खारिज योग्य है।

अतः अपीलार्थी की यह अपील सारहीन होने से खारिज की जाती है तथा अपीलार्थी को निर्देशित किया जाता हैं कि वह रेस्पोडेंट के समक्ष उपस्थित होकर कार्यालय रेकर्ड का निरीक्षण कर वांछित सूचना की विशिष्ठियां अंकित करते हुए सूचना प्राप्त करें। पत्रावली निर्णय शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं अधीनस्थ राज्य लोक सूचना अधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Lok Bandhu
Date: 2023.01.02 15:39:12 IST
Reason: SelfAttested

आदेश आज दिनांक 28.11.2022 को [illegible] सुनाया गया।

प्रथम अपील प्राधिकारी
जिला कलक्टर बाड़मेर

बाड़मेर (राजस्थान)

न्यायालय प्रथम अपील प्राधिकारी जिला कलक्टर बाड़मेर

सूचना अधिकार अपील/122/2022

अपीलांट रमेश कुमार पुत्र मुकनचंद
निवासी गायत्री मंदिर के पास बालोतरा जिला बाड़मेर

बनाम

राज्य लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार पचपदरा

आदेश

दिनांक : 28.11.2022

अपीलार्थी रमेश कुमार पुत्र मुकनचंद निवासी गायत्री मंदिर के पास बालोतरा जिला बाड़मेर ने यह प्रथम अपील उत्तरदाता तहसीलदार पचपदरा के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 19(1) के अन्तर्गत इस कार्यालय में दिनांक 02.11.2022 को प्रस्तुत की गई है। अपीलार्थी द्वारा अधीनस्थ राज्य लोक सूचना अधिकारी के समक्ष प्रार्थना–पत्र व्यक्तिशः उपस्थित होकर/पंजीबद्व डाक/ऑनलाईन द्वारा प्रस्तुत कर उनके कार्यालय से सम्बन्धित सूचना चाही गई। राज्य लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर वांछित सम्पूर्ण सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है, फलस्वरूप यह प्रथम अपील प्रस्तुत की गई है। अपील के संलग्न राज्य लोक सूचना अधिकारी को प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र की 913568 प्रति दिनांक 13.09.2022 की प्रति संलग्न की गई है।

अपीलार्थी की अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर रेस्पोडेंट राज्य लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार पचपदरा को जरिये नोटिस मय अपील की प्रति भिजवाते हुए टिप्पणी रिपोर्ट चाही गई। रेस्पोडेंट द्वारा निर्धारित सुनवाई तिथि को टिप्पणी प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना कार्यालय रेकर्ड के अवलोकन उपरांत उपलब्ध होना नहीं पाया गया हैं, प्रार्थी स्वंय उपस्थित होकर रेकर्ड का निरीक्षण कर वांछित सूचना चिन्हित कर प्राप्त कर सकता हैं लिहाजा अपील दाखिल दफ्तर फरमाई जावे।

हमने अपीलार्थी की अपील, रेस्पोडेंट की ओर से प्रस्तुत जवाब एवं राज्य लोक सूचना अधिकारी द्वारा जारी पत्राचार का अवलोकन किया। अधीनस्थ राज्य लोक सूचना अधिकारी के जवाब एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र के अवलोकन से पाया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना कार्यालय रेकर्ड निरीक्षण कर चिन्हित करते हुए प्राप्त कर सकता हैं। अतः रेस्पोडेंट के जवाब का अपील मीमो के परिप्रेक्ष्य में अवलोकन एवं विवेचन उपरांत अपीलार्थी की यह अपील सारहीन होने से खारिज योग्य है।

अतः अपीलार्थी की यह अपील सारहीन होने से खारिज की जाती है तथा अपीलार्थी को निर्देशित किया जाता हैं कि वह रेस्पोडेंट के समक्ष उपस्थित होकर कार्यालय रेकर्ड का निरीक्षण कर वांछित सूचना की विशिष्ठियां अंकित करते हुए सूचना प्राप्त करें। पत्रावली निर्णय शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं अधीनस्थ राज्य लोक सूचना अधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Lok Bandhu
Date: 2023.01.02 15:39:12 IST
Reason: SelfAttested

आदेश आज दिनांक 28.11.2022 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

प्रथम अपील प्राधिकारी
जिला कलक्टर बाड़मेर